आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन – रबी अभियान का आयोजन आज से नई दिल्ली में किया जाएगा ।
- द्वीपसमूह के डीप–टेक स्टार्टअप को चौथे भारत उद्यमिता शिखर सम्मेलन में भारत उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने मायाबंदर स्थित बोरोंग गाँव की समस्याओं को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है ।
- द्वीपसमूह में 17 से 19 सितम्बर तक भारी वर्षा का पूर्वानुमान–मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह ।

<><><><><><><>

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन – रबी अभियान का आयोजन आज और कल नई दिल्ली में किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। सम्मेलन में रबी दो हजार पच्चीस–छब्बीस सीज़न की तैयारियों, नवीन तकनीकों, बीज वितरण, मौसम पूर्वानुमान और उर्वरक प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। पहली बार कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक भी शामिल होंगे। यह सम्मेलन किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के एक उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग –मान्यता प्राप्त डीप–टेक स्टार्टअप, यूनिकॉर्निज़ इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड को चौथे भारत उद्यमिता शिखर सम्मेलन 2025 में भारत उद्यमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह शिखर सम्मेलन एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, संसद मार्ग, नई दिल्ली में "एक भारत – उद्यमी भारत" विषय पर आयोजित किया गया था, जो राज्य–स्तरीय उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को एकीकृत करने वाला भारत का पहला शिखर सम्मेलन था। यह पुरस्कार उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में कंपनी के योगदान के सम्मान में प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम में उद्योग मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शिखर सम्मेलन में "उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के राज्यवार अनुभव" और "उभरती प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से विकसित भारत का निर्माण" पर चर्चा की गई। इन सत्रों के दौरान भारत और विदेश के नीति निर्माताओं, उद्योग जगत के नेताओं, नवप्रवर्तकों और विशेषज्ञों ने उद्यमी परिदृश्य को मज़बूत करने के लिए अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला के प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों के जीवन–यापन और स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के करों में कटौती की थी।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने मायाबंदर ग्राम पंचायत के अंतर्गत बोरोंग गाँव समस्याओं की ओर मुख्य सचिव का ध्यान आकर्षित किया है। मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में उन्होंने गांव की सड़क की खस्ता हालत, सुरक्षित पेय जल, शिक्षा, चिकित्सा सुविधाओं की कमी और खराब नेटवर्क संबंधित मुद्दों को उठाया। सांसद ने मुख्य सचिव और सभी संबंधित विभागों से लम्बित बुनियादी सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में एकाध स्थानों पर सत्रह से उन्नीस सितम्बर तक भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इस दौरान हवा की गति 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रहेगी, जो बढ़कर 55 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को 18 सितंबर को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के राज्य महिला सशक्तिकरण केंद्र, की ओर से दक्षिण अंडमान जिले के विभिन्न स्थानों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। महिलाओं में जागरूकता पैदा करने और लोगों को सामाजिक, कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जानकारी देने के लिए कार्बाइंस कोव स्थित आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर में 'चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पेशेवर पाठ्यक्रमों' पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को हेल्प लाइन नम्बर और पॉश अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। पूरे अभियान के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कानूनी जागरूकता, पोक्सो अधिनियम स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे विभिन्न विषयों को शामिल किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण निदेशक रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

<><><><><><><>

'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत मायाबंदर स्थित आर पी अस्पताल के जिला टीबी केंद्र की ओर से आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मोहनपुर में 'निक्षय शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, जिला टीबी अधिकारी ने क्षय रोग पर जानकारी देते हुए इसके लक्षण, निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्र और उपचार पर प्रकाश डाला। इस दौरान लोगों की चिकित्सा जांच और स्क्रीनिंग की गई। शिविर में कुल 105 व्यक्तियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस में भारत के 66वें ग्रैंडमास्टर और पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन ग्रैंडमास्टर जी. आकाश ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों के कौशल को बढ़ाने और खेल की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में मानसिक प्रशिक्षण, स्थितिगत शतरंज और अभिभावकों के साथ संवाद सत्र शामिल थे।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स ने गृह मंत्री के हिन्दी दिवस के अवसर पर गांधी नगर में होने वाले पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में भाग लेने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने सांसद द्वारा केन्द्र से डीआरएम कर्मचारियों के नियमितीकरण हेतु नीति बनाने का आग्रह किए जाने के समाचार को प्रमुखता दी है। अखबार ने 17 सितम्बर से स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान शुरू होने के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने मायाबंदर के क्षेत्रीय पुस्तकालय को जिला पुस्तकालय का दर्जा देने के समाचार को अपने पेपर में मध्य में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने राष्ट्रीय लोक अदालत, जबकि इंफो इंडिया ने अंडमान मरीन ड्राइव परियोजना के जारी रहने के समाचार को प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>